an>

Title: Need to conduct CBI inquiry into the murder of a family in Chak Rajasar in Nohar Tehsil, district Hanumangarh, Rajasthan.

**श्री राहुल कस्वां (चुरू) :** माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र चुरू के चक राजासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़ (राजस्थान) में दिनांक 21.6.2009 की मध्य रात्रि को एक अत्यन्त गरीब परिवार की निर्मम हत्या कर दी गई थी, जिसमें दो मासूम बच्चियों व उनके माता-पिता की हत्या कर दी गई। इस हत्याकाण्ड में इसी परिवार की बालिका कुमारी अनिÂािा जीवित रह गयी, जो अपने मां-बाप व दो बहिनों के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए लड़ाई लड़ रही है। इस हत्याकाण्ड की जांच सी.बी.आई. से करवाने के लिए राजस्थान सरकार ने केन्द्र सरकार को दो बार अनुशंसा की है, लेकिन गृह मंत्रालय ने इस हत्याकाण्ड की जांच सी.बी.आई. से नहीं करवाने के लिए यह कहते हुए मना कर दिया कि यह हत्याकाण्ड पांच वÂार्ा पुराना है। तीसरी बार पुनः राजस्थान सरकार ने राजासर हत्याकाण्ड की जांच सी.बी.आई. से करवाने हेतु अनुरोध किया है, जिसका गृह मंत्रालय से कोई जवाब नहीं आया है। उस दौरान राजस्थान सरकार की सभी एजेंसियां राजस्थान पुलिस सी.आई.डी., सी.बी., संभागीय आयुक्त की टीम न्याय दिलाने में असफल रही है, जिससे राजस्थान की सभी जांच एजेंसियों से जनता का विश्वास उठ गया है। पीड़िता को सी.बी.आई. जांच के माध्यम से न्याय दिलाने के लिए चार वÂार्ा से गांव राजासर के लोग व पीड़िता उपखण्ड अधिकारी कार्यालय, नोहर जिला हनुमानगढ़ के आगे अनशन व धरने पर बैठी हैं।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए राजासर हत्याकाण्ड की जांच सी.बी.आई. से करवाने के आदेश दिए जाएं, ताकि मेरे संसदीय क्षेत्र चुरू (राजस्थान) के सबसे बड़े निर्मम हत्याकाण्ड की सच्चाई सामने आ सके व इस मासूम बच्ची को न्याय मिल सके।